दिनांक 27 नवंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने प्रातः से किया सफाई/ शौचालय व्यवस्था का औचक निरीक्षण , सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर हुई कार्रवाई

भिलाईनगर/ आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी आज प्रातः 6:00 बजे से सफाई एवं शौचालय का निरीक्षण करने एनएसपीसीएल रिसाली क्षेत्र पहुंचे जहां पर उन्होंने निर्माणाधीन कैनाल का निरीक्षण किया तत्पश्चात अंडा चौक खुर्सीपार एवं जोन 4 कार्यालय के समीप स्थित शौचालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा संधारित पंजी का अवलोकन किया ! श्री रघुवंशी जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड 39 पुरैना क्षेत्र में पहुंचे जहां पर उन्होंने उत्कल चौक एवं उड़िया बस्ती तथा डाक बंगला विद्यालय के समीप महीनों से नाली सफाई नहीं होना पाया तथा नाली जाम होना पाया , आसपास के निवासियों ने भी काफी दिनों से नाली सफाई नहीं होने की बात कही जिस पर वार्ड 39 के प्रभारी सुपरवाइजर सफाई कर्मचारी नरेंद्र भारती का एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश जारी किया गया है तथा प्रभारी जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पांडे को साफ सफाई का निरीक्षण नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है! आयुक्त महोदय द्वारा वार्ड 39 पुरैना के गली ,मोहल्ले का आज सघन निरीक्षण किया गया जहां पर कुछ स्थलों में पाइपलाइन लीकेज देखने पर उन्होंने कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े को लिकेज सुधरवाकर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए! पुरैना में स्थित शौचालयों का भी निरीक्षण आयुक्त महोदय द्वारा किया गया!

जनसम्पर्क अधिकारी